बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 6-01/2017 121 /पटना, दिनांक 05/02/2018

प्रेषक,

राज किशोर प्रसाद,
उप सचिव।

सेवा में,

महासचिव,
तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब, पटना।

विषय : **तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटि के चुनाव के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि दिनांक 25.01.2018 को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 30.01.2018 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु जो आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें समाचार पत्र एवं प्रबंधक कमिटि के बेवसाईट के माध्यम से सभी संबंधितों को सूचित किया जाएगा एवं दिनांक 05.02.2018 तक उनपर आपत्ति प्रबंधक कमिटि द्वारा प्राप्त कर ली जाएगी एवं अंतिम निर्णय लेते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 16.02.2018 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा ।

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि दिनांक 30.01.2018 तक नाम जोड़ने हेतु जो आवेदन प्राप्त हुए, उनके संबंध में न तो समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित की गयी और न प्रबंधक कमिटि के बेवसाईट पर अपलोड किया गया, जिससे सभी संबंधितों को जानकारी नहीं हो पायी, फलतः वे आपत्ति नहीं दे सके। अतएव दिनांक 30.01.2018 तक नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर प्रबंधक कमिटि द्वारा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि दिनांक 10.02.2018 तक विस्तारित की जाती है। साथ ही प्राप्त आपत्तियों पर अंतिम निर्णय लेते हुए अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि भी दिनांक 16.02.2018 के बदले दिनांक 28.02.2018 निर्धारित की जाती है।

अनुरोध है कि दिनांक 30.01.2018 तक नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के संबंध में सूचना समाचार पत्रों में तुरंत प्रकाशित किया जाय एवं प्रबंधक कमिटि के बेवसाईट पर अपलोड किया जाय तथा इसकी सूचना प्राधिकार को उपलब्ध करायी जाय।

विश्वासभाजन

5/2/18

(राज किशोर प्रसाद)
उप सचिव।

ज्ञापांक: 121 /पटना, दिनांक: 05/02/2018

प्रतिलिपि: जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना/ अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी, पटना सिटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/2/18
उप सचिव

BSEA dt. 05.02.2018